# एम.डी.एम. अस्पताल में महिला के पेट से निकाला बालों का गुच्छा

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में एक महिला के पेट से बालों को गुच्छा निकाल कर डॉक्टरों ने उसे नया जीवनदान दिया। 28 वर्षीय महिला जो काफ़ी समय से पेट दर्द, उल्टी, भूख नहीं लगना एवं पेट में भारीपन की पिछले 3 साल से शिकायत से परेशानी के साथ माथुरादास माथुर अस्पताल में डॉ. दिनेश दत्त शर्मा , आचार्य एवं यूनिट प्रभारी , वरिष्ठ सर्जन को दिखाने आयी।

मरीज़ के रिश्तेदारों ने बताया कि मरीज़ को काफ़ी जगह दिखाया पर कोई फ़ायदा नहीं हुआ।मरीज़ को सभी जगह बताया गया कि मरीज़ की तिल्ली बढ़ी हुई है पर कोई बीमारी पता नहीं लग रही है। बाद में डॉ. सुनील दाधीच, वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष गैस्ट्रोंलॉजी विभाग ने एंडोस्कोपी में पाया कि मरीज़ के आमाशय में बालों का गुच्छा है जिसे सर्जरी द्वारा ही निकाला जा सकता है।

डॉ. दिनेश दत्त शर्मा ने जाँचे करवाई एवं हिस्ट्री लेने पर पता चला कि महिला में बाल खाने की आदत है तथा उसके सिर के बाल भी कम पाये गये। इस बालों के गुच्छे ने पूरे आमाशय को बालों से भर दिया था जिसकी वजह से मरीज़ को भूख नहीं लगती थी एवं जो भी खाता, आमाशय में जगह नहीं होने की वजह से वापस उल्टी द्वारा बाहर आ जाता।

इससे मरीज़ का वजन भी कम हो गया था। इस मरीज़ में ख़ास बात यह थी कि मरीज़ मानसिक रूप से स्वस्थ है पर इसकी बाल खाने की आदत थी।

डॉ. दिनेश दत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने इस जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक संपन्न किया। इस ऑपरेशन में जटिलता यह होती है कि बालों का गुच्छा इतना ज़्यादा बड़ा था कि आमाशय में छोटे से चीरे द्वारा इसे बाहर निकालना काफ़ी चैलेंजिंग होता है ,इस बाल के गुच्छे ने आमाशय एवं छोटी आँत के शुरुआती भाग डुओडेनम

- **28 वर्षीय महिलपेट दर्द, उल्टी, भूख नहीं लगना एवं पेट में भारीपन को लेकर पिछले 3 साल से परेशान थी**

को पूरा ब्लॉक कर दिया था , जिसकी साइज लगभग 15-10- 8 इंच से भी ज़्यादा थी इस बालों के गुच्छे का वजन लगभग 3 किलो था।

डॉ. दिनेश दत्त शर्मा ने बताया कि मरीजो में एक बीमारी होती है जिसे ट्राइकोफ़ैजिया कहा जाता है जिसमें मरीज़ की बाल खाने की आदत पड़ जाती है , ये बाल मरीज़ की आहरनाल में इकट्ठे होने शुरू हो जाते है जिससे आमाशय में बालों का गुच्छा बन जाता है । जिसे ट्राइकोबेज़ोर कहा जाता है। मनुष्य की आहारनाल में बालों को पचाने की क्षमता नहीं होती है जिसकी वजह से ये बाल ईकट्ठा होकर बड़े गुच्छे का रूप ले लेते है। यह बीमारी सामान्यत मानसिक रूप से कमजोर, विक्षिप्त एवं असामान्य व्यवहार करने वाली महिलाओं में ज़्यादा होती है, जिनकी उम्र 15 से 25 साल होती है !

ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. दिनेश दत्त शर्मा के साथ डॉ. पारंग आसेरी , डॉ, विशाल यादव , डॉ. कुणाल चितारा, डॉ. अक्षय, डॉ. श्वेता, बेहोशी की टीम में डॉ. गीता सिंगारिया के साथ , डॉ. गायत्री तँवर, डॉ. ऋषभ, डॉ. प्रेक्षा, नर्सिंग टीम में रेखा पंवार, सुमित्रा चौधरी, रोहिणी आदि ने सहयोग किया। मथुरा दास माथुर अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन किशोरियाँ एवं डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. बी. एस. जोधा ने ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाई दी एवं बताया कि मरीज़ का यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में निःशुल्क हुआ है।

## कांग्रेस ने युवाओं से खिलवाड़ किया : विश्नोई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार में खेल एवं युवा मामले के राज्यमंत्री केके विश्नोई ने अपने एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को जोधपुर पहुंचे। जोधपुर पहुंचने के बाद राजयमंत्री विश्नोई ने सर्किट हाउस में मीड़िया से रुबरू हुए।

राज्यमंत्री केके विश्नोई ने राज्य सरकार द्वारा निकाली गई 1 लाख 11 हजार सरकारी नियुक्तियों के बारे में जानकारी दी। उनके साथ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, शहर विधायक अतुल भंसाली, देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई, संभाग मीडिया संयोजक जगदीश धाणदिया, जिला महामंत्री मनीष पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष संजय चंदीरमानी, संभाग मीडिया प्रभारी अचलसिंह मेड़तिया मौजूद रहे। विश्नोई ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया और हर परीक्षा में पेपर लीक किए गए। हजारों युवाओं के करियर बर्बाद किये। हमारी सरकार ने पहला सबसे बड़ा काम यह किया कि पेपर लीक पर रोक लगा दी गई और पिछली सरकार में फर्जीवाड़े से नौकरी करने वालों को पकड़ा। विश्नोई ने कहा कि हर दिन ऐसे फर्जी लोगों को एसओजी पकड़ रही है। छोटी मछलियां भी पकड़ी जा रही है और बड़े मगरमच्छ गिरफ्त में आ रहे है। राजस्थान की पिछली गहलोत सरकार में 17 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। 8 परीक्षाओं को रद्द कर दिया गया।

# करंट से संविदा कर्मी की मौत, मुआवजा के लिए अड़े परिजन



पाली में डिस्कॉम में संविदा कर्मी सादिक की मौत के बाद लोगों ने रोष जताया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के समीपवरती निंबाड़ा गांव निवासी सादिक पुत्र हाजी खान जो की डिस्कॉम में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। बीती रात फाल्ट ठीक करने के दौरान लाइन में अचानक करंट आ गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे घायलावस्था में बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना के विरोध में परिजनों ने डिस्कॉम की एफ आर टी के ठेकेदार से मुआवजा को लेकर बातचीत हुई। बातचीत में निर्णय नहीं होने पर ग्रामीण और समाज के लोग बांगड़ अस्पताल स्थित मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। जहां दोपहर तक कोई निर्णय नहीं निकलने पर एसडीएम, तहसीलदार, ट्रांसपोर्ट नगर थाना अधिकारी और सदर थाना अधिकारी मौके पर पहुंचे। ओर लोगों से समझाइस की कोशिश की। परिजनों का कहना था कि मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं और उसके पिता लकवे की बीमारी से पीड़ित है। ऐसे में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए।

परिजनों का यह कहना था कि जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक हम मोर्चरी से शव नहीं उठाएंगे और पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

मामले को लेकर दिनभर समझाइश का दौर चलता रहा।

आखिर 24 घंटे बाद शाम को पुलिस अधिकारियों की समझायश के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा।

# केशवना में रोडवेज बस सेवा शुरू होने से खुशी



केशवना में जैसलमेर के लिए रोड़वेज बस सेवा शुरू होने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर के निकट केशवना से जैसलमेर डिपो की रोडवेज बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर हैं।

बस शिवगंज से जालोर , केशवना होते हुए सीधी रोडवेज बस सेवा जैसलमेर के लिए शुरू हुई हैं। बस सेवा का संचालन होने से क्षेत्र से जुड़े कई गांव को रोडवेज बस की सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार जालोर डिपो द्वारा बस शुरू की गई हैं। बस सेवा शुरू करने के लिए पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जीतूसिंह धांधल ने बताया कि लम्बे समय से हमारे क्षेत्र बस सेवा नहीं होने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन विभाग ने बस सेवा शुरू करने पर क्षेत्र वासियो मे खुशी का मौहाल है। बस केशवना व आलासन में आने पर ग्रामवासियो द्वारा ढोल थाली बजाकर बस का स्वागत किया।

वाहन चालक राणाराम, परिचालक रमेश चौधरी का माला साफा पहना कर स्वागत किया गया।

स्वागत के दौरान उम्मेदाबाद भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष जोगाराम चौधरी, राजाराम चौधरी, तरुणसिंह धांधल, नरपत सिंह परमार, महेश सुथार, मालमसिंह परमार, सावलाराम चौधरी, जेतसिंह जोधा, मांगीलाल लोहार, किशोर बंजारा समेत अन्य मौजूद थे। साफाडा में सरपंच हुकमसिंह राठौड, भाजपा शक्तिकेंद्र संयोजक मांगूसिंह राव,नरपतसिंह, अर्जुनसिंह राठौड, महेंद्र गर्ग, जेताराम सुथार समेत कई लोग मौजूद थे।

## मदन दिलावर जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज जोधपुर पहुंचे। कुछ देर यहां रुकने के बाद वे फलोदी के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की।

शिक्षिकाओं के कम कपड़े पहनने को लेकर दिए बयान पर कहा कि मैंने यही कहा था कि शिक्षक स्कूल में कम कपड़े पहन कर आते हैं उन्होंने यह नहीं कहा कि वह अर्धनग्न होकरआते हैं। इसके पीछे का भाव यही था कि सभी टीचर अच्छे कपड़े पहन कर आएंगे। शिक्षकों को भी अपने आप को बच्चों के सामने आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना पड़ेगा जिससे बच्चे संस्कार ले सकेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा को लेकर कहा कि ऐसे लोग प्रदेश को लूट कर खा गए। इन्होंने जनता के साथ ज्यादतियां की है। बलात्कारियों का सहयोग किया है। आतंकवादियों को ससम्मान बोलते हैं। ऐसे लोगों के बारे में क्या बात कहना। यह निकृष्ट लोग हैं।

कई शिक्षक स्कूल में लेट आते हैं पूछा जाता है कि लेट क्यों आए तो वह कहते हैं सही समय पर आए हैं जबकि बच्चे सब देखते हैं और जब उनसे पूछा जाता है तो वह बचाव में झूठ बोलते हैं। कई शिक्षक वस्त्र ठीक पहनकर नहीं आते, आधे कपड़े पहन कर आते हैं, उसे बच्चों पर गलत संस्कार पड़ता है। संस्कार देने के लिए अपने आप को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और वेशभूषा का ध्यान रखना आवश्यक है। आदेश जारी करने और उसके वापस लेने को लेकर कहा कि कोई न कोई कमी रह जाती हैं जिन्हें सुधार कर रहे हैं।

# गणपत सिंह हत्या की जांच के लिए कमेटी बने : देवल



पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव से रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित व किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड ने मुलाकात की। फोटो-राष्ट्रदूत

**रेवदर, (निसं)।** जालोर के रामसीन थानांतर्गत मांडोली गांव में हुए गणपत सिंह हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने और हत्याकांड का शीघ्र खुलासा कराने को लेकर आज मुख्यमंत्री सचिवालय में पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव से रानीवाडा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित और किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड ने मुलाकात की।

देवल, राजपुरोहित और राठौड ने आईजी श्रीवास्तव को बताया कि पुलिस जांच कर रही है लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है और ना ही कोई खुलासा हुआ है इससे लोगों में भारी आक्रोश है।

इस प्रकरण को लेकर 15 अक्टूबर को जालोर में सर्वसमाज की ओर से धरना प्रदर्शन भी किया गया है। खासकर राजपूत समाज इस मामले को लेकर बेहद संवेदनशील है। ये आक्रोश और ज्यादा ना फैले इसके लिए सरकार के स्तर पर ऐसे मामलों के विशेषज्ञ अच्छे पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठ्ठित की जाए जो इस प्रकरण की जांच और समीक्षा कर लगातार सरकार को अपडेट देती रहे। साथ ही दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए और हत्याकांड का खुलासा कर अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

आईजी गौरव श्रीवास्तव ने पाली आईजी को फोन कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा कराने और टीम गठित करने के निर्देश दिए।

## सुरताण देवड़ा की जयंती मनाई

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर के निकटवर्ती दत्ताणी में 17 अक्टूबर महाराव सुरताण देवडा की जयंती सिरोही जिले के राजपूत समाज एवं ग्रामीणों ने मनाई।

युद्ध स्थल दत्तानी में राजपूत समाज एवं ग्रामीणों ने छतरी पर पुष्पांजलि कर विजय दिवस को मनाया व सभी ने सर्वसम्मति से आगामी विजय दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम बताने योग्य स्थल पर करने का निर्णय लिया।

शहीद स्मारक के जीर्णोंद्धार का निर्णय लिया। 17अक्टूबर 1583 इसवीं में दत्ताणी में मुगल बादशाह अकबर की सेना और सिरोही के महाराव सुरताण के बीच हुए दत्ताणी के युद्ध में मुगल सेना को करारी शिकस्त मिली थी। स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत मेवाड के महाराणा प्रताप और मारवाड के राव चंद्रसेन का अपूर्व सहयोग करने वाले एवं मुगल सेना को परास्त करने वाले स्वतंत्रता के प्रतीक महाराव सुरताण देवडा को नमन किया।

इस अवसर पर क्षत्रिय युवक संघ के पूर्व संघ प्रमुख आयुवान सिंह की भी जयंती मनाई। भवानी सिंह भटाणा, पुनम सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह मगरीवाडा, सुजान सिंह वडवज, दिपेंद्र सिंह पिथापुरा, चनदवीर सिंह लुणोल रतन सिंह शेखावत ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान अजित सिंह निंबोडा, जयदीप सिंह पिथापुरा, गणपत सिंह हमीरपुर, सोहन सिंह मकावल, रणछोड वैष्णव, गंगा सिंह बोडा, हरी सिंह, हनुमानराम, अमराराम, प्रताप राम, विराराम, जगदीश वैष्णव, भमसा जिरावल खेडा, सुल्तान सिंह डमाणी , आशीष कुमार सहित कई जने मौजूद रहे।

# नाटक 'बलि और शम्भू' का मंचन किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर और से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर तथा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के सहयोग से आयोजित 32वें ओम शिवपुरी नाट्यय समारोह का शुभारम्भ मयूर नाट्यय संस्था जोधपुर के डॉ. एस.पी.रंगा द्वारा निर्देशित नाटक बलि और शम्भू से हुआ। अकादमी सचिव डॉ. सरिता फिड़ौदा ने बताया कि स्थानीय जयनारायण व्यास स्मृति भवन, टाउन हॉल में आयोजित इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय नाट्यय समारोह के प्रारम्भ में अकादमी द्वारा सम्मानित वरिष्ठ रंगकर्मी रमेश बोहरा ने दीप प्रज्वलन किया तथा अभिनेता एवं सौ से अधिक फिल्मों में सशक्त भूमिका निभाने वाले स्व. ओम शिवपुरी की तस्वीर पर रंगकर्मियों ने पुष्पांजली अर्पित की।

रमेश बोहरा ने शंभू तथा डॉ. एस.पी.रंगा ने बलि के किरदार के माध्यम से बुढ़ापे के अकेलेपन और बेचारगी को दिखाने के साथ साथ बुजुर्गों के दिल में पनपने वाली इच्छाओं और उम्मीदों को रेखांकित कर जीवन की सच्चाई और उसकी पीड़ा को मार्मिक तरीक़े से पेश कर सिस्टम को आईना दिखाया है।

संवेदनाओं के सागर से परिपूर्ण इस नाटक में झिलमिल के रूप में डॉ. काजल वर्मा तथा गौतम के किरदार में लेखराज सिंह के नाटकीय क्रियाकलाप हास्य पैदा कर आनंदित भी करने में कामयाब रहे तो तितली के पात्र में पुलिकित सिंह ने अपनी चंचलता की छाप छोड़ी

वहीं लघु किन्तु पूरे नाटक से जुड़ा पात्र शुभांकर की भूमिका में मज़ाहिर सुलतान ज़ई ने न्याय किया।

## रिफ 2024 : जसवंत थड़ा में बही भक्ति की बयार

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (जोधपुर रिफ) के 17वें संस्करण के दूसरे दिन गुरुवार को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह किरण की पहली भोर के साथ ये कार्यक्रम शुरू हो गए।

आज सुबह जसवन्त थड़ा पर रिफ डान के तहत मेघवाल कलाकारों किशनराम, ओमाराम व भोमाराम मेघवाल व मांगणियार समुदाय के कलाकारों जलाल बरकत मांगणियार द्वारा प्रस्तुति दी गई। उन्होंने यहां भजन सहित अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया। इसके बाद फोर्ट फेस्टिविटीज के तहत मेहरानगढ़ म्यूजियम में राजस्थान की विशिष्ट मूल परम्पराओं को प्रतिबिंबित करने वाले विभिन्न पारम्परिक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

यहां लोक कलाकारों ने मुख्यत: चंग नृत्य, तेरह ताली नृत्य, कालबेरिया नृत्य, खड़ी नृत्य, लंगा किड्ज ढोल थाली की प्रस्तुति दी।

इसके साथ ही चौखेलाव बाग में इन रेजिडेंस प्रथम में राजस्थानी लोक कलाकार माएवा सपेरा, ममता सपेरा, प्रेम डांगी, हनीफा मांगणियार व कमला भट्ट ने मैं जो करती हूं वह क्यों करती हूं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

सायंकालीन सत्र में शाम 5.45 से 7 बजे तक लिविंग लिजेंड के तहत धन्ना भींया छतरी पर मेहरद्दीन लंगा, इदु खान लंगा व एकलास खान लंगा का गायन, सांय 7.30 से मध्य रात्रि तक मूडी रिफ्स के तहत देसी कलाकारों मांगणियार ऑफ मारवाड़ बरकत खान छत्तनगढ़, बरकत खान म्याजलार, हकीम खान किसोला, मुल्तान खान डेडारिया, घेवर खान, दारे खान, फिरोज खान व देवू खान की प्रस्तुतियां, विदेशी कलाकार एली मिलर मबोंगौ, देबू खान खरताल, विदेशी कलाकार गाबा द्वारा टेलस ऑफ योइकर व बरनाली चटोप्पाध्याय द्वारा अमीर खुसरो पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

## चार दुपहिया वाहन चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** अलग अलग स्थानों से 4 दुपहिया वाहन चोरी हुए। महामंदिर पुलिस के अनुसार श्रीराम नगर नारायण विहार निवासी रोहित दैय्या पुत्र महेन्द्र दैय्या ने बताया कि खेतसिंह का बंगले के पास स्थित दुकान के नजदीक से उसकी बाइक कोई चोरी कर ले गया। इसी तरह देवनगर थाने में दी रिपोर्ट में राजीव गांधी कॉलोनी निवासी मोहम्मद कासिब पुत्र रजब अली ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय घर के बाहर खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई। कुड़ी भगतासनी निवासी उत्तम गिरी पुत्र इन्द्र गिरी ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। कुड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया। एयरपोर्ट थाना के अनुसार कुड़ी भगतासनी हाऊसिंग बोर्ड निवासी गुरू कुमार आर्य पुत्र भीमचन्द्र की बाइक पांच बत्ती सर्किल स्थित होटल के पास से चोरी हो गई। प्रथम ए रोड सरदारपुरा निवासी दीपक शाह पुत्र मूलचंद माहेश्वरी की एक्टिवा घर के बाहर से चोरी हा गई।


सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीहात

न्यायालय : सिविल न्यायाधीश मुकाम आहोर , (राज.)

बहजलास : श्रीमान् सुधीर चौहान (आर. जे एस )

वादी : पंकी देवी बनाम

प्रतिवादी : हर खास हर आम

वाद बाबत् मृत्यु घोषणा

दीवानी मूल वाद संख्या 22/2024

तारीख पेशी-16.12.2024

मुसम्मी हर खास हर आम हरगाह की वादीगण श्रीमती पंकी देवी पत्नि श्री चुन्नीलाल , उम्र 55 वर्ष जाति सुथार निवासी वेडिया , तहसील आहोर जिला जालोर वगैरह ने प्रतिवादी हर खास हर आम के विरुद्ध यह दावा अपने पति चुन्नीलाल पुत्र थानाजी जाति सुथार निवासी वेडिया , तहसील आहोर , जिला जालोर की सिविल मृत्यु की घोषणा की जाने हेतु पेश किया है । लिहाजा हर खास हर आम ब - जरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिये तारीख 16.12.2024 को 10 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमें से वाफिक किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई सख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके , हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताइन में इस्तेमाल करना चाहते हो तो उस दिन पेश करो । आगाह रहो कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जायेगा ।

बसिख्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 15.10.2024 जारी किया गया ।

मोहर सिविल न्यायाधीश आहोर जिला जालोर ( राज. )


# सूरजपोल चौक में गरबा व भजन-कीर्तन की गूंज वर्षों बाद सुनाई दी

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के सूरजपोल स्थित चौक में गरबा नृत्य और भजन-कीर्तन की गूंज एक बार फिर से सुनाई दी। पिछले 30 वर्षों से बंद पड़े इस धार्मिक आयोजन को पवन पुरी महाराज (चामुंडा मंदिर) और भक्तजनों के सहयोग से बुधवार रात्रि को एक दिवसीय गरबा महोत्सव के रूप में फिर से जीवित किया गया।

इस आयोजन का नेतृत्व परम भक्त मुन्ना दास वैष्णव के बैनर तले हुआ और चामुंडा गरबा माता मंडल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शहर के हजारों भक्तजनों ने भाग लिया, जिसमें माताएं, बहनें, और बच्चे भी शामिल थे। भक्ति और श्रद्धा से भरे इस माहौल में भक्तों ने गरबा नृत्य और भजन-कीर्तन का भरपूर आनंद लिया। पीर योगी श्री मोहन नाथ महाराज (हल्देश्वर महादेव मठ जालोर) और महंत पवन पूरी महाराज (चामुण्डा माता मंदिर, सुंदेलाव तालाब, जालोर) की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत चामुंडा गरबा माता मंडल ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में स्थानीय वार्ड पार्षद दिनेश कुमार बारोट, गीता मीणा,भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, गीता बारोट भाजपा मंत्री,



जालोर के सूरजपोल स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर में गरबा महोत्सव का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, ओबीसी मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, श्रवण कुमार ओड, हैप्पी मेवाडा, अचल सिंह, प्रवीण खंडेलवाल और कई अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। विशेष रूप से पारंपरिक गरबा गीतों पर हुई प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

वही गणेश भक्त मंडल के अध्यक्ष तरुण भाई त्रिवेदी और पूर्व पार्षद सोमाभाई सरगरा ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थानीय वार्डवासियों और शहर के छत्तीसकोम के भक्त प्रेमियों के साथ-साथ बाहर से आए आर्केस्ट्रा कलाकारों ने देर रात तक भक्तों को गरबा नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। विशेष आयोजन ने शहरवासियों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। अंत में स्थानीय पार्षद दिनेश बारोट ने बताया कि जो कार्यक्रम गरबा महोत्सव में नहीं पहुंच पाए उनके लिए लाइव प्रसारण भी आयोजित किया गया। शहरवासियों ने इस आयोजन में बडे उत्साह के साथ भाग लिया और शरद पूर्णिमा के इस खास अवसर को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोडी। इस आयोजन ने भविष्य में इसे निरंतर जारी रखने की उम्मीद जगाई है।

आगामी 27 अक्टूबर को एक बार फिर इस गरबा महोत्सव का आयोजन होगा, जो और भी भव्य होने की संभावना है।

इस आयोजन ने जालोर की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को पुनर्जीवित करने की एक नई पहल की है। प्रेम, श्रद्धा, और एकता से भरा यह आयोजन आने वाले वर्षों में भी नगरवासियों के बीच सांस्कृतिक सौहार्द का प्रतीक बना रहेगा।

# सैलून में काम करने वाले युवक का अपहरण

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सरदारपुरा प्रथम बी रोड पर सैलून में काम करने वाले एक युवक को उसका परिचित किसी के बाल कटवाने के बहाने जबरन मोपेड पर बिठाकर ले गया। पीछे बैठे अन्य युवक ने चाकू गर्दन पर रख जान से मारने की धमकी दी।

एक कब्रिस्तान पर सूने स्थान पर ले जाकर मारपीट किए जाने के साथ युवक का नग्न वीडियो बनाकर छह लाख की फिरौती मांगी गई। युवक ने अपने परिचितों को कॉल कर दो लाख रूपए दिए। बाद में चार लाख फिर देने का बोल कर जान बचाई। पीड़ित युवक के मामा की तरफ से सरदारपुरा थाने में इस बाबत केस दर्ज कराया गया है। पुलिस अब बदमाशों की गहनता से तलाश कर रही है।

गउघाट फतेह सागर निवासी की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें बताया कि उसका भांजा कंप्यूटर और मोबाइल का अच्छा जानकार है। मगर इन दिनों वह सरदारपुरा प्रथम बी रोड पर एक सैलून की दुकान पर काम कर रहा है। 13 अक्टूबर को मेरा भानजा सुबह से ही पर सैलून पर कार्यरत था।


कार्यालय ग्राम पंचायत, सियाणा पंचायत समिति,जालोर राज.

क्रमांक : ग्रापसि/2024-25/106 दिनांक: 17/10/2024

:: दुकान किराया बोली ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत , सियाणा की सम्पति नवनिर्मित दुकान बस स्टेण्ड मुख्य द्वार के पास स्थित किराये पर दी जानी है । इस हेतु इच्छूक व्यक्ति दिनांक 24.10.2024 समय 2:00 पी.एम बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत करे एवं धरोहर राशि जमा करवाकर किराये हेतु उसी उसी दिनांक 24.10.2024 को समय 3:00 पी.एम बजे से प्रारम्भ खुली बोली प्रक्रिया मे भाग लेवे ।

विस्तृत शर्ते कार्यालय समय मे नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है ।

सरपंच ग्राम पंचायत, सियाणा

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत, सियाणा